

गंगा आमंत्रण
गंगा के संग, गंगा के लिए
नमामि गंगे

GANGA AAMANTRAN

गंगा के संग, गंगा के लिए

# संदेश

गजेन्द्र सिंह शेखावत
Gajendra Singh Shekhawat



जल शक्ति मंत्री
भारत सरकार
Minister for Jal Shakti
Government of India

05 MAR 2020

**संदेश**

गंगा नदी हम सबकी न सिर्फ आस्था का प्रतीक है बल्कि करोड़ो हिंदुस्तानियों की जीविका का भी स्रोत है। इस जीवनदायिनी गंगा नदी के किनारे लगभग 43 फीसदी भारत की जनसंख्या निवास करती है और प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से गंगा नदी इन सबके जीवन पर अमिट छाप छोड़ती है। गंगा के महत्व को देखते हुए भारत सरकार ने सन् 2014 में गंगा एवं उसकी सहायक नदियों को संरक्षित करने के लिए "नमामि गंगे" कार्यक्रम का गठन किया। इस कार्यक्रम के तहत गंगा और उसकी सहायक नदियों की सफाई एवं संरक्षण का कार्य तेजी से चल रहा है और साथ ही साथ गंगा सफाई को जन आंदोलन में बदलने के भी प्रयास किए जा रहे हैं। यह जरूरी है कि गंगा के इस अभियान में जन-जन को गंगा की महता एवं उसके संरक्षण और सफाई के प्रति जागरूक किया जाए और उन्हे इस अभियान में शामिल किया जाए।

नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत एक व्यापक "गंगा आमंत्रण" अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में पहली बार साहसिक खेलों के माध्यम से गंगा बेसिन में रहने वाले राज्यों में बड़ी संख्या में लोगों को जोड़ा गया। इस अभियान के तहत देवप्रयाग से लेकर गंगा सागर तक गंगा नदी पर राफ्टिंग के जरिए की गई 2500 किलोमीटर की यात्रा 34 दिन में तय की गई। इस यात्रा का प्रारम्भ 10 अक्टूबर, 2019 को देव प्रयाग की पावन भूमि से हुआ। यह अभियान गंगा के किनारे बसे कई महत्वपूर्ण शहरों जैसे ऋषिकेश, हरिद्वार, बिजनौर, गढ़मुक्तेश्वर, कानपुर, वाराणसी, बक्सर, बिजनौर, मुंगेर, फरक्का, बैरकपुर और कोलकाता होते हुए 12 नवम्बर, 2019 को गंगा सागर पर समाप्त हुआ। इस पूरे अभियान के दौरान गंगा बेसिन के जनप्रतिनिधियों से लेकर हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और गंगा की सफाई के प्रति अपनी वचनबद्धता सुनिश्चित की।

स्कूली बच्चों एवं कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी इस अभियान में बड़ी दिलचस्पी से हिस्सा लिया और गंगा को साफ रखने के लिए कई जगहों पर शपथ भी ली। इस पूरे अभियान के दौरान घाटों की सफाई के कार्यक्रम जैसे प्रभातफेरी, संगोष्ठी एवं रंगारंग कार्यक्रम, बाल गंगा मेला और हस्ताक्षर अभियान जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें मुख्य बिंदु गंगा की साफ सफाई को लेकर चर्चा एवं लोगों का इसके प्रति ध्यान आकर्षित करना रहा। इस अभियान में हमारे रक्षा सेनानी एवं अन्य असैन्य कर्मचारियों की टीम ने शिरकत की और इस पूरे अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

मुझे यह कहते हुए हर्ष हो रहा है कि यह अभियान हर मायने में सफल रहा और जन चेतना जागरूक करने में एक नई मिसाल बनाने में कामयाब रहा। मुझे इस बात पर और भी हर्ष है कि इस अभियान के माध्यम से गंगा सफाई कार्यक्रम को जन आंदोलन में परिवर्तित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा। मैं नमामि गंगे की पूरी टीम और उसके साथ ही साथ अन्य केंद्र एवं राज्य सरकारों के विभागों एवं जन-जन को इस अभियान में शामिल होने के लिए उन्हें बधाई और धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। मेरी आशा है कि आप सब इसी प्रकार से गंगा संरक्षण के इस अभियान में जुड़े रहेंगे और अपने बहुमूल्य योगदान इस मुहिम को कामयाब बनाने में देते रहेंगे।

**शुभकामनाओं सहित**

**गजेंद्र सिंह शेखावत**
**जल शक्ति मंत्री**

जल शक्ति अभियान

Office : 210, Shram Shakti Bhawan, Rafi Marg, New Delhi-110 001
Tel: No. (011) 23711780, 23714663, 23714200, Fax : (011) 23710804
E-mail : minister-mowr@nic.in

# संदेश

रतन लाल कटारिया
RATTAN LAL KATARIA



जल शक्ति
और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री
भारत सरकार
नई दिल्ली-110001
MINISTER OF STATE FOR
JAL SHAKTI AND SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT
GOVERNMENT OF INDIA
NEW DELHI - 110001

**संदेश**

नमामि गंगे कार्यक्रम भारत सरकार का एक व्यापक कार्यक्रम और पहल है जिसका मुख्य उद्देश्य गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों में प्रदूषण की रोकथाम और उसका संरक्षण है। गंगा हमारी आस्था ही नहीं अर्थव्यवस्था का भी आधार है। नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत गंगा बेसिन को निर्मल और अविरल बनाने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों को सफल बनाने के लिए जहां सरकार समुचित कदम उठा रही है, वहां लोगों का जुड़ना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत 'गंगा आमंत्रण' अभियान का सफलता पूर्वक आयोजन वर्ष 2019 में किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य साहसिक खेलों द्वारा 5 राज्यों में करोड़ों लोगों के बीच गंगा सफाई का संदेश पहुंचाना रहा। इस पूरे अभियान में गंगा की विविधता के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर खास जोर दिया गया। यह अभियान देवप्रयाग से शुरु होकर 2500 किलोमीटर की यात्रा राफ्टिंग के द्वारा तय करते हुए 34 दिन की अवधि के बाद गंगा सागर पर समाप्त हुआ।

इस अभियान में सेना के तीनों अंगों के जवान, एनडीआरएफ, भारतीय वन्य जीव संस्थान और अन्य विशेषज्ञ दलों ने राफ्टिंग के माध्यम से न सिर्फ जन जागरूकता अभियान चलाया बल्कि गंगा में जैव विविधता के बारे में लोगों को अवगत कराया। इस अभियान में लाखों लोगों को जोड़ा गया खासकर स्कूल एवं कॉलेजों के छात्रों के बीच गंगा सफाई का महत्वपूर्ण संदेश पहुंचाया गया।

मुझे इस बात पर हर्ष है कि इस 'गंगा आमंत्रण' अभियान द्वारा गंगा सफाई का संदेश एवं गंगा संरक्षण का महत्व हम जन-जन तक पहुंचा पाए और उनको जोड़ने का प्रयास कर पाए। हम गंगा की सफाई एवं संरक्षण तभी कर पाएंगे जब हम साथ मिलकर प्रण करें कि हम गंगा नदी को न गंदा करेंगे और न ही सफाई करने में कोई कसर छोड़ेंगे। मैं राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और गंगा आमंत्रण टीम के सदस्य एवं पूरी यात्रा को सफल बनाने के लिए जुड़े कार्यकर्ता एवं संस्थाओं को बधाई देता हूं और उनको धन्यवाद ज्ञापित करता हूं जिसके चलते यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। मैं जन-जन से आह्वान करता हूं कि वे इसी तरह से गंगा सफाई के मिशन में जुड़े रहे और वह सभी कदम उठाएं जिसके चलते हम गंगा को निर्मल और अविरल बना सकेंगे।

शुभकामनाओं सहित,

(रतन लाल कटारिया)

215, श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली -110 001, 215, Shram Shakti Bhawan, Rafi Marg, New Delhi-110 001
दूरभाष : (011) 23708419, 23718759, फैक्स : 011-23354496, Tel. : (011) 23708419, 23718759, Fax : 011-23354496
Delhi Residence : 4A, Telegraph Lane, Firoz Shah Road, New Delhi, Phone : 011-23329660
Residence : 352, Katariya Kunj, Mata Mansa Devi Complex, Sector-4, Panchkula, Haryana, Tel. : 0172-2555352,

॥ नमामि गंगे ॥

# संदेश

यू. पी. सिंह, आई. ए. एस
U.P. SINGH, IAS
सचिव
SECRETARY
Tel. : 23710305
Fax : 23731553
E-mail : secy-mowr@nic.in



भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन, नदी विकास
और गंगा संरक्षण विभाग
श्रम शक्ति भवन
रफी मार्ग, नई दिल्ली-110 001
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF JAL SHAKTI
DEPARTMENT OF WATER RESOURCES,
RIVER DEVELOPMENT & GANGA REJUVENATION
SHRAM SHAKTI BHAWAN
RAFI MARG, NEW DELHI-110 001
http://www.mowr.gov.in

06 मार्च, 2020

## संदेश

देश की लगभग 43 फीसदी जनसंख्या गंगा के किनारे बसी है और प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से गंगा से जुड़ी हुई हैं। गंगा भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था का प्रतीक है और साथ ही असंख्य लोगों की आजीविका का भी सदियों से स्त्रोत रही है। इसी सांस्कृतिक, आर्थिक एवं धार्मिक धरोहर की संजोए रखने के लिए भारत सरकार ने ''नमामि गंगे'' नामक एक पुरजोर कार्यक्रम की शुरुआत की जिसके तहत गंगा और उसकी उप–नदियों की सफाई, पुनरुद्धार और संरक्षण किया जा रहा है। अब तक गंगा बेसिन में 28628 करोड़ की लागत से कुल 305 परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई है जिसमें से 114 परियोजनाएं पूरी कर ली गई है और अन्य परियोजनाओं पर कार्य तेजी से चल रहा है। जहां सरकार गंगा संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रही है वहां यह भी अत्यंत महत्वपूर्ण है कि हर देशवासी गंगा सफाई में अपना योगदान करे और इस मुहिम को आगे बढ़ाने में सरकारी कार्यो का समर्थन करें। गंगा को अविरल और निर्मल बनाने के लिए हर एक का योगदान जरुरी है और इसलिए जन–जन को इन मिशन के साथ जोड़ने का समय आ गया है।

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने जागरूकता अभियान के तहत एक व्यापक 'गंगा आमंत्रण' अभियान का आयोजन किया जिसका प्राथमिक उदेश्य गंगा के किनारे बसे हर घर में गंगा सफाई और संरक्षण का संदेश पहुंचाना रहा। इस अभियान को गंगा नदी पर राफ्टिंग के माध्यम से 2500 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए 34 दिनों में देवप्रयाग से बखाली समुद्री तट पश्चिम बंगाल में आयोजित किया गया। इस दौरान गंगा के किनारे बसे छोटे एवं बड़े शहरों एवं कस्बों में गंगा आमंत्रण टीम ने केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभागों, जिला प्रशासन एवं अन्य संस्थाओ को जोडा और जन–जन तक गंगा सफाई का संदेश पहुंचाया। इस अभियान में जन प्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों, गंगा के किनारे बसे समुदायों के जन प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता, आम जनता खासकर स्कूलों एवं कॉलेजों के छात्रों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और गंगा के प्रति अपना आदर और कर्तव्य को दोहराया। इस दौरान जन चेतना के कई कार्यक्रम हुए खासकर गंगा शपथ, गंगा रैली, संगोष्ठी जिसके माध्यम से सैकड़ों लोगों ने गंगा को साफ रखने की शपथ भी ली। मैने स्वयं बिजनौर से गढ़मुक्तेश्वर और मुंगेर से भागलपुर तक राफ्टिंग की और इस दौरान जो अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त हुये वो हमेशा मेरे साथ यादगार के रूप में रहेंगे।

मुझे यह कहते हुए हार्दिक खुशी हो रही है कि इस 'गंगा आमंत्रण' के द्वारा न सिर्फ हम गंगा सफाई के लिए किए जा रहे सरकारी प्रयासों को जन–जन तक पहुंचा पाए बल्कि हर वर्गो को इस अभियान के माध्यम से जोड़ पाए और उनके बीच गंगा सफाई का महत्व पहुंचाने में कामयाब रहे। यह एक अनूठा प्रयास रहा जहां केन्द्र, राज्य एवं जिला प्रशासन के कार्यकर्ताओं ने मिलकर इस अभियान में सहयोग किया और इसकी सफलता में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। मै इस गंगा आमंत्रण से जुड़े हर कार्यकर्ता और खासकर इसकी मुख्य टीम के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई देता हूं जिसके प्रयासों से हम गंगा सफाई की मुहिम को जन आंदोलन में परिवर्तित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा सके। मैं हर एक से यह अपील भी करूंगा कि वे अपना योगदान गंगा सफाई में करते रहे और इस मिशन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ते रहें।

(उपेन्द्र प्रसाद सिंह)

जल संरक्षण - जीवन संरक्षण
Conserve Water - Save Life

# संदेश

राजीव रंजन मिश्रा, भा.प्र.से.
महानिदेशक
राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन
Rajiv Ranjan Mishra, IAS
DIRECTOR GENERAL
NATIONAL MISSION FOR CLEAN GANGA

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन,
नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF JAL SHAKTI
DEPARTMENT OF WATER RESOURCES,
RIVER DEVELOPMENT & GANGA REJUVENATION



## संदेश

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों के पुनरुद्धार एवं संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। गंगा की अविरलता एवं निर्मलता बनाए रखने के लिए हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। एक ओर बड़े पैमाने पर सीवेज नियंत्रण एवं औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रण की परियोजनाएं गंगा के किनारे बसे शहरों में क्रियान्वित की जा रही हैं, वहीं गंगा के पुनरुद्धार के लिए व्यापक तौर पर गंगा के किनारे वनीकरण एवं गंगा की जैव विविधता को भी बरकरार रखने के लिए समुचित कदम उठाए जा रहे हैं। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन सभी हितधारकों एवं गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर गंगा की साफ-सफाई एवं संरचना के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

गंगा संरक्षण की मुहिम में आम जनमानस का अहम योगदान है क्योंकि गंगा संरक्षण की चेतना जन-जन के बीच पहुंचाना अत्यंत ही आवश्यक है। हम निरंतर जन-जन को इस मिशन में जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं और गंगा संरक्षण के मिशन को एक जन आंदोलन बनाने के प्रयास में निरंतर कार्यशील है। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत पहली बार साहसिक खेलों के माध्यम से एक जन चेतना का विस्तृत अभियान किया गया जिसके द्वारा मिशन ने लाखों लोगों से सम्पर्क किया और उनको इस मुहिम में अपने साथ लाने का प्रयास किया। यह 'गंगा आमंत्रण' अभियान 10 अक्टूबर, 2019 को देवप्रयाग से शुरु हुआ और 34 दिनों की 2500 किलोमीटर की राफ्टिंग यात्रा गंगा नदी पर करते हुए गंगा सागर में समाप्त हुआ। इस अभियान में सेना के तीनों अंग, एनडीआरएफ के जवान एवं अधिकारी, भारतीय वन्य संस्थान और सीएसआईआर-भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक सम्मिलित हुए। जिला गंगा समितियों ने खासकर जिला अधिकारियों ने इस अभियान में बहुत अहम भूमिका निभाई और स्थानीय लोगों को जोड़ने में उनका प्रयास अद्वितीय रहा। मुझे स्वयं इस यात्रा में देवप्रयाग से ऋषिकेश, वाराणसी एवं कोलकाता में सम्मिलित होने का अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त हुआ।

मुझे इस बात की खुशी है कि हमें गंगा आमंत्रण अभियान में हर एक वर्ग का सहयोग प्राप्त हुआ और हम गंगा के प्रति लोगों में एक विशेष जन चेतना जागृत कर पाए। मैं मुख्य टीम के सदस्यों को, जिला गंगा समिति के सदस्यों विशेषतः जिला अधिकारियों एवं उनके कार्यकर्ताओं, भारतीय वन्य जीव संस्थान और विशेषज्ञ दलों के सदस्य, एनडीआरएफ के जवान, जिला वन्य अधिकारियों और उनके कार्यकर्ताओं, समस्त गैरसरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, जन प्रतिनिधियों, गंगा विचार मंच, गंगा प्रहरियों, गंगा मित्रों, गंगा टास्क फोर्स और प्यारे बच्चों का धन्यवाद ज्ञापित करना चाहता हूं जिनके सहयोग से हम इस विशाल अभियान को पूरा कर पाए और गंगा सफाई के महत्व का विशेष संदेश घर-घर तक पहुंचाने में सफल रहे। मुझे उम्मीद है कि हम जनमानस का इसी प्रकार से गंगा संरक्षण के मिशन में सहयोग प्राप्त करते रहेंगे और मैं आपसे अपील करना चाहूंगा कि आएं और गंगा की स्वच्छता और समृद्धि को बनाए रखने में हमारे साथ सहयोग करें।

जय जय गंगे, नमामि गंगे। नहीं रुकेंगे, हम स्वच्छ करेंगे॥

(राजीव रंजन मिश्रा)

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन
प्रथम तल, मेजर ध्यान चन्द नेशनल स्टेडियम, इन्डिया गेट, नई दिल्ली–110002
NATIONAL MISSION FOR CLEAN GANGA
1st Floor, Major Dhyan Chand National Stadium, India Gate, New Delhi-110002
Ph.: 011-23049528, Fax : 23049566, E-mail : dg@nmcg.nic.in




# OBJECTIVE

A river rafting expedition from Devprayag to Ganga Sagar aimed at creating awareness about river rejuvenation and water conservation.



# INTRODUCTION

The 'Ganga Aamantran Abhiyan' was a pioneering and historic exploratory openwater rafting and kayaking expedition on the Ganga river, held between 10th October 2019 to 12th November 2019. It started from Devprayag and after covering the entire stretch of over 2500 kms of the Ganga river, it culminated at Ganga Sagar.



# LARGEST SOCIAL OUTREACH PROGRAMME THROUGH ADVENTURE SPORTS

This was the first ever effort by National Mission for clean Ganga to raft across the entire stretch of the river, and also the longest ever social campaign being undertaken through an adventure sporting activity to spread the message of river rejuvenation and water conservation on a massive scale.

The expedition also drew attention to the ecological challenges being faced by Ganga.

# ROUTE MAP

## 34 DAYS

## 5 STATES

## MILLIONS OF PEOPLE CONNECTED

**UTTARAKHAND**
1. Devprayag – 10th October
2. Ramjhula – 11th October
3. Haridwar – 12th October

**UTTAR PRADESH**
4. Bijnor – 13th October
5. Garhmukteshwar – 14th October
6. Narora – 15th October
7. Kachhla – 16th October
8. Farrukhabad – 17th October
9. Kannauj – 18th October
10. Kanpur – 19th October
11. Bhitoura (Fatehpur) – 20th October
12. Kalalankar – 21st October
13. Prayagraj – 22nd October
14. Prayagraj – 23rd October
15. Mirzapur – 24th October
16. Varanasi – 25th October
17. Varanasi - 26th October
18. Ghazipur – 27th October


**BIHAR**
19. Buxar – 28th October
20. Doriganj – 29th October
21. Sonepur/Hajipur – 30th October
22. Hajipur – 31st October
23. Patna RFD – 1st November
24. Mohiuddinagar – 2nd November
25. Rasulpur (Munger) – 3rd November
26. Bhagalpur – 4th November

**JHARKHAND**
27. Sahibganj – 5th November

**WEST BENGAL**
28. Farakka – 6th November
29. Berhampore – 7th November
30. Nabadwip – 8th November
31. Chandan Nagar – 9th November
32. Barrackpore – 10th November
33. Fort Williams – 11th November
34. Nischinta Pur – 12th November
Bakkhali Sea Beach – 12th November



# OUR GOALS



TO EDUCATE AND CULTIVATE PUBLIC



MAKE A LASTING MARK ON CULTURE AND LIFESTYLE



MAKE A LASTING MARK ON CULTURE AND LIFESTYLE



AFFORESTATION



MOTIVATE PEOPLE FOR USING TOILETS INSTEAD OF OPEN DEFECATION




AWARENESS DRIVE AGAINST USING SINGLEUSE PLASTIC




PROMOTION OF WATEREFFICIENT CROPS



CENSUS OF FLORA & FAUNA



WATER TESTING



PROMOTING THE CONCEPT OF 3RS I .E. REDUCE, RECYCLE AND REUSE



# AIM

To further strengthen the community connect with river ganga, create awareness among people at large and encourage students & youth to become torch bearer of the noble cause

# THE TEAM

Wing Commander Paramveer Singh, *IAF*
Squadron Leader Dipti B. Koshthi, *IAF*
Sergeant Srihari Sarripilli, *IAF*
Havildar Rajesh Kumar, *Indian Army*
Sergeant Johny Vj, *IAF*
Po Bikesh Kumar, *Indian Navy*
Havildar Devendra Singh, *Indian Army*
Corporal Amrendra Vats, *IAF*
Corporal Vicky Tokas, *IAF*

Members from NDRF & Scientists from Wildlife Institute of India and CSIR-Indian Institute of Toxicology Research








*Left to Right* : ED(P)-NMCG G. Asok Kumar, Corporal Vicky Tokas, Corporal Amrendra Vats, Havildar Devender Singh, Sergeant Johny VJ, Squadron Leader Dipti Koshti, Secretary-MoJS UP Singh, DG-NMCG Rajiv Ranjan Mishra, Havildar Rajesh Kumar, Wing Commander Paramveer Singh (Team Leader), ED(A)-NMCG Rajiv Kishore, ED(F)-NMCG Rozy Agarwal, PO Bikesh Kumar, Sergeant Srihari Sarripilli

# THE JOURNEY

दिन 1

# देवप्रयाग से ऋषिकेश









'Ganga Aamantran Abhiyan' from Devprayag to Ganga Sagar, was flagged off by Hon'ble Minister of Jal Shakti, Shri Gajendra Singh Shekhawat




## दिन 2

# ऋषिकेश से हरिद्वार








Students from various school put up a cultural show at Triveni Ghat highlighting the importance of keeping Ganga clean.

# दिन 3

# हरिद्वार से बिजनौर








The event began with the auspicious 'Ganga Aarti', intraction with huge gathering and amazing **nukkad natak** by students



दिन 4

# बिजनौर से गढ़मुक्तेश्वर






The event started with the auspicious '**Saraswati Vandana**' and various competitions like drawing, essay writing, slogan writing and public speaking were conducted to promote awareness





दिन 5

# गढ़मुक्तेश्वर से नरौरा







An cleaning drive was conducted which was followed by an emotional play done by students and a song on Namami Gange composed by Shri Aacharya Diwakar Varishtha







दिन 6

# नरौरा से कछला (बदायूँ)



The students led the team for a tree plantation drive and organised a cultural show where people of all ages showcased their talent and took a pledge of cleaning river Ganga and its ghats

The eagerness & emotion narration of Tridandi Swamiji Maharaj inspire everyone. Ustad Iftikhar Hussain Khan enthralled the audience with bhajans thumri.







दिन 7

# कछला (बदायूँ) से फर्रुख़ाबाद







The team was welcomed by the NCC Cadets from different colleges and interacted with locals to discuss about how they can make and keep Ganga clean together



दिन 8

# फर्रुख़ाबाद से कन्नौज















**Hundreds** of people welcomed the team and carried out a plantation drive, following the discussion on Kannauj and its historical connection to Ganga

दिन 9

# कन्नौज से कानपुर











NCC cadets from different schools welcomed the team and organised a cultural event where the team performed **'Manzar hai yeh naya'** to educate people about the importance of water.

दिन 10

# कानपुर से भिटौरा (फतेहपुर)










The cultural program was attended by Hon'ble Union Minister of State Rural Development **Sadhvi Niranjan Jyoti** and the day ended with auspicious Ganga Aarti.





दिन 11

# भिटौरा (फतेहपुर) से कालाकांकर








The event started with the rafting team lighting up the lamp where everyone promised to keep **Ganga clean** and as the sun started settling, everyone joined Ganga Aarti.





दिन 12 और 13

# कालाकांकर से प्रयागराज




A cultural event was organised where everyone took a pledge to keep Ganga clean and the team talked about how small individual steps can keep clean **Ganga** and its **Ghat**



दिन 14

# प्रयागराज से मिर्ज़ापुर







The team was warmly welcomed and accompanied to the cultural event, which included **Kathak Dance, Shiv Tandav, Swagat Geet, Folk Songs**



दिन 15 और 16

# मिर्ज़ापुर से वाराणसी





The team was **welcomed** by **Students** singing folk songs, followed by a street play about how life depends on river Ganga, after which everyone took an oath to protect Maa Ganga










दिन 17

# वाराणसी से ग़ाज़ीपुर



NMCG team explained about Namami Gange programme and **interacted with students**, and locals followed with the pledge











दिन 18

# ग़ाज़ीपुर से बक्सर






The team interacted with the local public about their expedition and people of Buxar celebrated Diwali



## दिन 19

# बकसर से डोरीगंज










**Officials**, **Volunteers** and **Students** welcomed the team and cleaned the ghats together, followed by Ganga Arti

दिन 20

# डोरीगंज से सोनपुर





The team along with the locals participated in **Ghat cleaning**





दिन 21

# सोनपुर/हाजीपुर से पटना





People of Patna welcomed the team with open arms and joined Ganga Arti together.



दिन 22

# पटना से मोहिउद्दीनगर







Hon'ble Union Minister of State (Home) Shri Nitya Nand Rai spent a day with team, locals and spreading message of their mission






दिन 23

# सिमरिया घाट, बेगुसराय से मुंगेर







The team and locals along with rafting team participated in Ghat cleaning activities and went to **Shoji Ghat** for **Ganga Aarti**





# दिन 24

# मुंगेर से भागलपुर










The team was welcomed warmly at **Sidhi Ghat** in Bhagalpur district where they interacted with the locals about the importance of keeping Ganga clean



दिन 25

# भागलपुर











The prabhat pheri, culture programme, Aarti organised by **students** and the locals





## दिन 25 और 26

# भागलपुर से साहिबगंज

Ganga Amantran team interacted with the residents in small groups, encouraging participation and raising awareness







## दिन 27

# साहिबगंज से फरक्का






Hon'ble Minister of Jal Shakti
**Shri Gajendra Singh Shekhwat** and the team interacted with the locals and experienced a breathtaking **cultural programme** put up by **school students**










## दिन 28

# फरक्का से बहरामपुर








Students participated in a **2 kms long rally** to spread awareness for keeping Ganga clean, followed by a plantation drive by the team at the Murshidabad Swimming Association park






दिन 29

# बहरामपुर से नवद्वीप







With only **five days left**, the team continued spreading awareness among locals.






दिन 30 और 31

# नवद्वीप और चंदन नगर से बैरकपुर



Hon'ble Union Minister of State (Jal Shakti) **Shri Ratan Lal Kataria**, the officials and locals gave the team a **warm welcome** and **interacted** about keeping the river clean.







दिन 32

# बैरकपुर से फोर्ट विलियम








the team along with the **CIFRI** officials released fish (seeds) into the river.

**Ganga Amantran Team** was welcomed by the **Army** at Fort William







दिन 33

# फोर्ट विलियम से निश्चिन्ता पुर






The team received warmth from everyone specially from **children** and **youth**



दिन 34

# निश्चिन्ता पुर से बकखाली समुद्र तट













On the **final day** the locals gathered to honour the expedition team on the completion of their **34-day long rafting journey** and success in spreading the message to keep **Ganga clean**











C.P.G. COLLEGE VARANASI





















घाट पर सजाए गए थे 5000 दीये, विहंगम था नजारा, प्रमुख सचिव और विंग कमांडर ने किया दुग्धाभिषेक

जगमगाया अटल घाट, गंगा की भव्य आरती

रॉफ्टिंग करते बिठूर पहुंची टीम

तीर्थ नगरी में पहुंचा गंगा दल, सफाई अभियान कार्यक्रम में लोगों को किया जागरूक, बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

गंगा को स्वच्छ रखने के लिए ब्रजघाट पहुंचा दल

हम सबने यह ठाना है गंगा स्वच्छ बनाना है

निर्मल गंगा के लिए लेना होगा संकल्प

कानपुर

आज आएंगे गंगा आमंत्रण अभियान दल के सदस्य

बोट क्लब से विदा की गई 18 सदस्यीय राफ्टिंग टीम

साहसिक यात्रा

पॉलीथिन मुक्त गंगा घाट का लिया संकल्प

राजस्थान की बेटी ने बढ़ाया मान

जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की बेटी ने पूरा किया 31 दिन 2500 किमी लंबे गंगा आमंत्रण अभियान


सुहासिनी शेखावत : 31 दिन, 2500 किमी की राफ्टिंग

संदेश ले पहुंचे विंग कमांडर परमवीर

बक्सर पहुंची गंगा स्वच्छता की टीम

स्वच्छता का संदेश देने पहुंची 'नमामि गंगे' की टीम

प्रभात खबर

5100 दीपों से जगमग कर रहा था रामरेखा गंगा घाट

Meet Rajesh Shukla, Ganga crusader of Kashi

राफ्टिंग करते काशी पहुंची टीम

बीएचयू एनसीसी कैडेटों से भी मिले ब्रिगेडियर

बिठूर में 90 दिन में नालों से मुक्त होगी गंगा

प्रमुख सचिव बोले, शौचालय निर्माण में घोटाले की जांच, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तय

राफ्टिंग प्रोत्साहन यात्रा का स्वागत

जन को जल से जोड़ने की कोशिश

GANGA AAMANTRAN

गंगा के संग, गंगा के लिए



**National Mission for Clean Ganga**

Ministry of Jal Shakti

Department of Water Resources, River Development & Ganga Rejuvenation

(Government of India)